मतदान के लिए आयु में कमी करना

520. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार लोक सभा तथा विधान सभा चुनावों में मतदान करने वालों की वर्तमान 21 वर्ष की आयु को घटाकर 18 वर्ष करने का इरादा रखती है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसा कानून कब तक बन जायेगा ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) और (ख) मतदान की आयु को कम करने के प्रस्ताव पर इस समय व्यापक रूप से विचार-विमर्श हो रहा है। इस पर ध्यान दिया जा रहा है किन्तु कोई अन्तिम विनिश्चय नहीं किया गया है।

क्षयरोग का निवारण तथा उपचार

521. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को सम्पूर्ण विश्व में और भारत में क्षयरोग के रोगियों की संख्या को अलग-अलग जानकारी है; और

(ख) सरकार इस रोग को रोकथाम तथा उपचार के लिए क्या कदम उठा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री मोती लाल वोरा) : (क) सारे विश्व के क्षय रोगियों की संख्या के बारे में सूचना उपलब्ध नहीं है। अनुमान है कि हमारे देश में लगभग एक करोड़ लोग फेफड़ों के क्षय रोग से पीड़ित हैं।

(ख) देश में क्षय रोग की समस्या पर काबू पाने के लिए सरकार ने 1962 में राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम चलाया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत देश के प्रत्येक जिले में उपकरणों और कर्मचारियों से लैस जिला क्षय रोग केन्द्र खोले जा रहे हैं ताकि देश भर में रोगियों का पता लगाया जा सके और जिलों की मौजूदा चिकित्सा और स्वास्थ्य संस्थाओं के सहयोग से उनका उपचार किया जा सके और निवारक कदम उठाए जा सकें।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक रोगियों का पता लगाना और उनका प्रभावी ढंग से इलाज करना है। अभी तक देश के 371 जिलों के जिला क्षय रोग केन्द्रों को उपकरणों और कर्मचारियों से लैस किया गया है। इसके अतिरिक्त लगभग 300 साधारण क्षय रोग क्लिनिक हैं जो मुख्यतया शहरों और कस्बों में हैं। शीघ्रातो और गम्भीर रूप से पीड़ित क्षय रोगियों के उपचार के लिए देश में लगभग 16,000 क्षय रोग पलंग भी उपलब्ध हैं।

व्यापक रोग प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत रोकथाम के एक उपाय के रूप में बी. सी. जी. वैक्सीन प्रदान की जा रही है। लोगों को क्षय रोग से के बारे में जानकारी देने के लिए टी. वी. स्पाटों, रेडियो स्पाटों, समाचार पत्रों में विज्ञापनों तथा पुस्तिकाएं और पैम्फलेट तैयार करके स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की जा रही है।

Rising AIDS cases

522. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Will ihe Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to stiite :

(a) whether Government are aware that the cases of AIDS in the country are continuously riging over the past few months;

(b) if so, t'ne exact number of AIDS cas$_{es}$ reporter in the country during the la*,t six months;

fc) the ieason$_s$ of increase in sudhi cases; and

(d) the steps Government propose to take to control the AIDS disease?